2672021-Ludhiana-9.qxd 07/25/2021 10:55 PM Page 1



# लेबर कोड व कृषि कानूनों के खिलाफ एतिआणा से केन्द्र सरकार के विरुद्ध प्रचार मुहिम का आगाज़

गुरुसर सुधार, 25 जुलाई (बलविन्द्र सिंह धालीवाल): खुश हैसीयत टैक्स विरोधी मोर्चे की शहीद महिलाएं माता चंद कौर व माता बचन कौर को श्रद्धांजलि के उपरांत उनके गांव एतिआणा से सीटू, पंजाब किसान सभा, कुल हिन्द खेत मज़दूर यूनियन संगठनों द्वारा लेबर कोड व काले कृषि कानूनों के खिलाफ केन्द्र सरकार के विरुद्ध 15 दिवसीय प्रचार मुहिम की शुरुआत की गई। सीटू की राष्ट्रीय जनरल कौंसिल सदस्य जतिन्द्रपाल सिंह बस्सियां व प्रदेश सचिव दलजीत कुमार गोरा ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित जत्थे को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक भारतीय के खाते में 15 लाख रुपए, करोड़ों लोगों को हर वर्ष रोज़गार सहित 'अच्छे' दिनों का सपना दिखा कर मोदी सरकार ने गद्दी हासिल की व अब गलत फैसलों, कानूनों से किसानों, मज़दूरों को गुलाम बनाने के रास्ते पर चल पड़ी है। नेताओं ने कहा कि लम्बे संघर्षों के बाद हासिल किये 44 श्रम कानूनों को समाप्त करके 4 लेबर कोड बना कर केन्द्र सरकार ने मज़दूरों के साथ धोखा किया है व कृषि कानूनों के तहत किसानों की ज़मीनें देश के बड़े उद्योगपतियों को सौंपने की तैयारी कर ली है। संगठन नेताओं ने आरोप लगाया कि कोरोना महामारी के दौरान करोड़ों लोगों के रोज़गार, नौकरियां छीनी गईं, जबकि कार्पोरेट घरानों ने अरबों, खरबों का लाभ कमाया। उन्होंने मनरेगा मज़दूरों का वेतनमान 700 रुपए प्रति दिन, वर्ष में 200 दिन काम देने पर मनरेगा को शहरों में भी लागू करने की मांग की। इस अवसर पर मनरेगा मज़दूर यूनियन के ज़िला प्रधान प्रकाश सिंह बरमी, भट्ठा मज़दूर यूनियन के प्रकाश सिंह हिस्सोवाल ने भी केन्द्र सरकार की चालों के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया। मज़दूरों, श्रमिकों के इस जत्थे ने एतिआणा, हेरां, राजेआणा खुर्द, नूरपुरा आदि गांवों में पर्चे भी बांटे। संगठन के नेताओं के अनुसार यह प्रचार मुहिम 8 अगस्त तक विभिन्न गांवों में जारी रहेगी व 9 अगस्त को लुधियाना में ज़िला स्तरीय विशाल रोष प्रदर्शन किया जाएगा।


किसानों-मज़दूरों को गुलाम बनाने के खिलाफ केन्द्र सरकार के विरुद्ध शुरु की मुहिम की शुरुआत मौके एतिआणा में संगठन के साथियों के साथ सीटू के जतिन्द्रपाल बस्सियां, दलजीत कुमार गोरा, प्रकाश सिंह बरमी, प्रकाश सिंह हिस्सोवाल व अन्य।

# बी.सी.एम. स्कूल में कविता उच्चारण प्रतियोगिता आयोजित

फुल्लांवाल, 25 जुलाई (मनजीत सिंह दुगरी): बी.पी.एम. स्कूल, बसंत एवेन्यू दुगरी ने (ब्यूटीज ऑफ नेचर) विषय पर कक्षा 6 के छात्रों के लिए एक इंटर हाउस कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कविता शब्दों में सौंदर्य की लयबद्ध रचना मानी जाती है । छात्रों ने प्रतियोगिता में उत्साह से भाग लिया और अपने वाचन कौशल का प्रदर्शन किया। उनकी कविताएँ विचारों, भावों और लयबद्ध पंक्तियों का अद्भुत मिश्रण थीं। चारों हाऊस के प्रतिभागियों ने अपने हाऊस को जिताने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने अपने अद्भुत प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गुलमोहर हाउस की साणवी ने पहला, शालीमार हाउस के प्रांजल ने दूसरा, पुखराज हाउस की आन्या और कोहिनूर हाउस के गुरतेज ने तीसरा और पुखराज हाउस के ही असीस और गुलमोहर हाऊस की सृष्टि ने प्रतियोगिता में चौथा स्थान प्राप्त किया।



बी.सी.एम. स्कूल बसंत एवेन्यू के कक्षा 6 के छात्र कविता उच्चारण प्रतियोगिता में भाग लेते हुए। (छाया : मनजीत सिंह दुगरी)

# क्रिश्चियन परिवारों सहित 'आप' में शामिल हुए पास्टर जोगिन्द्र

## विधायक मानूके व पूर्व राज्यमंत्री बग्गा ने किया स्वागत

लुधियाना, 25 जुलाई (कविता खुल्लर):आम आदमी पार्टी विधानसभा उतरी की बैठक रविवार को वार्ड-84 स्थित मोहल्ला पीरुबंदा में आयोजित हुई। बैठक के दौरान पास्टर जोगिन्द्र ने सैंकड़ो क्रिश्चियन परिवारों सहित आम आदमी पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। पंजाब विधानसभा में आप विधायक दल की उपनेता सर्वजीत कौर मानकू व आप के वरिष्ठ नेता मदन लाल बग्गा ने पास्टर जोगिन्द्र जी व उनके साथियो का स्वागत कर उन्हें आप की सदस्यता ग्रहण करवाई। सर्वजीत कौर मानकू व मदन लाल बग्गा ने पार्टी में शामिल हुए क्रिश्चियन परिवारों का स्वागत करते हुए पास्टर जोगिन्द्र जी के संगठन में शामिल होने से पार्टी विधानसभा उतरी सहित राज्य के अन्य भागों में मजबूत होकर उभरेगी। राज्य में आप के पक्ष में लहर होने का हवाला देते हुए उन्होने कहा कि आगामी दिनों में अनेक बड़ी शख्शियतें आम आदमी परिवार में शामिल होंगी। पास्टर जोगिन्द्र ने दिल्ली में केजरीवाल सरकार की पहली व दूसरी पारी में हुए विकास व जनहित के कार्यों का ज़िक्र करते हुए कहा कि केजरीवाल की कार्यशैली व मदन लाल बग्गा की प्रेरणा से उन्होने आम में शामिल होकर जनसेवा करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर वरिष्ठ आप नेता सुरिन्द्र सिंह शिंदा, सुरिन्द्र सैनी, कीमती रावल, शरणपाल मक्कड़, विधानसभा उतरी मीडिया इंचार्ज सोनू धवन, ब्लाक अध्यक्ष दीपक बांसल, सुनील कुमार, मंगल ठाकुर, तरणजीत सिंह, सुरजीत कुमार, संदीप चड्ढा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


मदन लाल बग्गा के नेतृत्व में सैकड़ों क्रिश्चियन परिवारों सहित 'आप' में शामिल होने की घोषणा करते हुए पास्टर जोगिन्द्र। (छाया : हरिन्द्र सिंह काका)


ठक्करवाल के मंदिर बावा काबर दास में सत्संग के दौरान नतमस्तक होने के लिए आई संगत। (छाया : मनजीत सिंह दुगरी)

# मंदिर बावा काबर दास में मासिक सत्संग में श्रद्धालु हुए नतमसतक

फुल्लांवाल, 25 जुलाई (मनजीत सिंह दुगरी): शहीद करतार सिंह सराभा मार्ग स्थित गांव ठक्करवाल के मंदिर बावा काबर दास में आज सावन महीने के मासिक सत्संग का आयोजन किया गया, जिस दौरान मंदिर के मुख्य सेवक राम दास ने मंदिर में नतमस्तक होने के लिए आईं संगतें को प्रभु चरणों के साथ जुड़ कर इंसानियत के धर्म को उत्तम बताते उस की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। हमें हर तरह के वहम भ्रम त्याग कर इंसानियत के नाते हर जरूरतमंद मनुष्य की मदद करनी चाहिए। इस मौके ऋतु शर्मा, रेशव, उदय, आशीष, मनीष, राहुल, आदिल ने कीर्तन करते आई संगत को मंत्र मुग्ध करते नाम के साथ जोड़ा। इस मौके मलकीत सिंह भट्टी, गुरमुख ढिल्लों, वदा प्रकाश, गुरमीत मिस्त्री, मिंठू सराभा, तेजिन्दर पाल ढंड, चमकौर सिंह कोरी, दरशन सिंह पत्तड़, बिट्टू अब्बूवाल, सोनी ठक्करवाल, लाडी ठक्करवाल, सोम नाथ, हरमन, अंग्रेज़, लाला मिस्त्री, बिल्लू सहोली आदि सेवकों ने भी नतमस्तक होते हाज़िरी भरी।

## शहीद भगत सिंह नगर की पंचायत ने क्रिकेट खिलाड़ियों को बांटी वर्दियां

# खेल हमें ज़िंदगी जीने का सलीका सिखाते हैं : मोहन कुमार



शहीद भगत सिंह नगर में ग्राम पंचायत शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स क्लब के क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ संयुक्त चित्र में। (छाया : मनजीत सिंह दुगरी)

फुल्लांवाल, 25 जुलाई (मनजीत सिंह दुगरी): धांदरा सड़क स्थित गांव शहीद भक्त सिंह नगर की पंचायत की तरफ से शहीद भक्त सिंह स्पोर्टस क्लब की क्रिकेट टीम के सभी खिलाड़ियों को उनकी ज़रूरत को मुख्य रखते स्पोर्ट्स वर्दियां की बाँट की गई। इस मौके सीनियर कांग्रेसी यूथ नेता और सरपंच किरण कुमारी के पति मोहन कुमार ने पत्रकारों के रू-बरू होते कहा कि खेले जहां आज की नौजवानी को सूबे अंदर बह रहे नशों के छटे दरिया से दूर रखने में सहायक होती हैं वहां ही खिलाड़ी को जीवन जीने का सलीका भी सिखाती हैं। उन्होने खिलाड़ियों को भी संबोधन करते कहा कि वह सच्चे मन से खेल प्रति सहृदय होकर खेले और आने वाले समय में पंचायत की तरफ से खेलो को प्रफुल्लित करने के लिए उनको ओर भी हर तरह की मदद की जाती रहेगी। इस मौके उनके साथ कांग्रेसी नेता हरप्रीत, राजू राणा, पंचायत मैंबर और अन्य गांव वासी भी उपस्थित थे।

# दोलों खुर्द के ग्रेवाल परिवार को सदमा

फुल्लांवाल, 25 जुलाई (मनजीत सिंह दुगरी): शहीद करतार सिंह सराभा मार्ग स्थित गाँव दोलों खुर्द के साबका सरपंच ज्वाला सिंह के सुपुत्र और सीनियर कांग्रसी नेता गुरमीत सिंह ग्रेवाल के वड्डे भाई सुखजीत सिंह ग्रेवाल की बीते दिन घटे एक सड़की हादसे दौरान मौत हो जाने से ग्रेवाल परिवार को गहरा सदमा लगा। वह 46 वर्षों के थे और अपने पीछे पिता, पत्नी, भाई, भरजाई, दो पुत्तरियें और एक पुत्र छोड़ गए हैं। उनके निमित्त अंतिम अरदास 30 जुलाई शुक्रवार को गाँव दोलों खुर्द में होगी। इस मोक ग्रेवाल परिवार के साथ मित्र, स्नेहियों, रिश्तेदारों, नज़दीक के गाँवों के पंचों, सरपंचों, राजसी नेताओं, धार्मिक शख्सियतों और समाजसेवी संस्थायों के मोहरतबन्दो की तरफ से दुख का प्रगटावा किया गया।

# हलका दक्षिणी के सभी कांग्रेसियों को एक मंच पर इकट्ठा होने की अपील

ढंडारी कलां, 25 जुलाई (परमजीत सिंह मठाड़ू): 2022 मे होने वाले विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही महीनों का वक्त रह गया है और राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवारों में हलचल तेज हो चुकी है। नवजोत सिंह सिद्धू पी पी सी सी के नए प्रधान नियुक्त हो चुके हैं और सभी समीकरण बदले जाने की संभावना है। पिछले 10 वर्षों से कांग्रेस पार्टी हलका दक्षिणी से बाहर ही रही है और पार्टी कोई अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। पूर्व काउंसलर और प्रमुख कांग्रेसी परमिंदर सिंह सोमा मठाड़ू ने हलका दक्षिणी के सभी कांग्रेसियों को अपील की है कि अब वक्त आ गया है कि हम सब एक मंच पर इकट्ठे हो जाएं । उन्होंने कहा कि अगर सभी कांग्रेसी इकट्ठे हो जायें तो पार्टी हलका दक्षिणी में अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। सोमा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से हलके का विकास रुका पड़ा है और एक बड़ा उद्योगिक इलाका होने के बावजूद विकास के पक्ष से पछड़ कर रह गया है । उन्होंने कहा कि हलके में मीटिंगों का दौर शुरू हो गया है और हर वार्ड से सम्बन्धित कांग्रेसियों को इकट्ठा करके जज्बा पैदा किया जा रहा है।



# नाटक 'जिनां दी अणख जियूंदी है' ने दर्शकों को झिंझौड़ा


घुडाणी कला में नाटक पेश करते हुए कलाकार व शामिल गांव वासी। (छाया : सर्बजीत सिंह बोपाराए)

राड़ा साहिब, 25 जुलाई (सर्बजीत सिंह बोपाराय): भारतीय किसान यूनियन एकता (उग्राहां) की इकाईयों द्वारा किसानों, मज़दूरों, महिलाओं की लामबंदी मुहिम के तहत नाटकों की बैठकों का सिलसिला जारी रखते हुए गांव घुडानी कलां व घलोटी गांव में पीपल्ज़ आर्ट पटियाला की टीम ने 'जिनां दी अणख जिऊंदी है, नाटक पेश किया। इस नाटक में काले कृषि कानूनों की व्याख्या करते हुए आने वाले समय की त्रासदी को दिखाया गया। इसका शिखर उस समय पूरा हुआ जब भुखमरी का शिकार हुए लोग संघर्ष करते हैं।

इस अवसर पर यूनियन ब्लाक कन्वीनर परमवीर घलोटी, ज़िला महासचिव सुदागर सिंह घुडानी ने मज़दूरों, किसानों की एकता करने पर ज़ोरदार संघर्ष के रास्ते चलने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि समूचे मेहनतकश लोगों की एकता व कड़े संघर्षों करके काले कृषि कानून वापस करवाए जा सकते हैं। आज के इकट्ठ में महिलाओं ने बड़ी संख्या में शिरकत की। इस अवसर पर रमनजीत सिंह घोटी, देविन्द्र सिंह, हरजीत सिंह घलोटी कुलविन्द्र सिंह, परमजीत सिंह घुडाणी, दलजीत सिंह बिट्टू घुडाणी, राजवीर सिंह, जागर सिंह, रविन्द्र सिंह, सर्बजीत सिंह, रमनदीप सिंह, अमरीक सिंह ने कार्यक्रमों की सफलता के लिए पूरी मेहनत की।

# अवैध शराब सहित तस्कर काबू

जमालपुर, 25 जुलाई (अश्वनी कुमार): एंटी समगलिंग सैल के ए.एस.आई. अमरजीत सिंह पुलिस पार्टी सहित गुप्त सूचना के आधार पर प्रेम कॉलोनी भामिया कलां में आरोपी अपने घर के पास खाली प्लाट में शराब बेचते हुए रंगे हाथों काबू किया। आरोपी के कब्जे से 36 बोतले अवैध शराब बरामद की गई। मौके पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान शिव कपूर पुत्र प्रकाश चंद कपूर निवासी प्रेम कॉलोनी भामिया कलां लुधियाना के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी काफी समय से अवैध शराब का कारोबार कर रहा था।


रेलवे पार्क जगराओं में 298वें दिन शामिल होते किसान-मज़दूर।

# रेलवे पार्क किसान संघर्ष 298वें दिन भी जारी

जगराओं, 25 जुलाई (विनोद कुमार): रेलवे पार्क जगराओं में चल रहा किसान संघर्ष 298 वे दिन मे प्रवेश कर गया है। इस दिन सबसे पहले 1983 में शहीद हुए क्रांतिकारी नेता अवतार सिंह धूड़ीके, ग्राम चुगावां के लालइंदर सिंह लाली और पं. सतीश शर्मा को श्रद्धांजलि दी गई. इस बीच जगदीश सिंह, कंवलजीत खन्ना ने कहा कि पेगासस जासूसी, कोरोना कॉल में ऑक्सीजन की कमी जैसे मुद्दे देश की संसद में व्याप्त थे। बुनियादी मुद्दों से देश भर के लोगों का ध्यान भटकाने के लिए सरकार जानबूझकर दैनिक भास्कर जैसे अखबारों पर आयकर छापे मार रही है। इस बीच, हरभजन सिंह दौधर ने नवनिर्वाचित कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू द्वारा किसानों के प्रति दिए गए बयान की निंदा की। आगू मदन सिंह ने 9 से 11 अगस्त तक पटियाला धरने को समर्थन देने का ऐलान किया. इस अवसर पर बलबीर सिंह अग्रवाल लोपो, बंता सिंह चाहल, गुरमीत सिंह अग्रवाल डाला, शमशेर सिंह मलक आदि उपस्थित थे।

## सियाड़ में भाकियू एकता उग्राहां द्वारा महिला इकाई का गठन

# किसान आंदोलन जीतना हमारा मुख्य उद्देश्य : मनजीत कौर

मलौद, 25 जुलाई (कुलविन्द्र सिंह निज़ामपुर): गांव सियाड़ में मा. राजिन्द्र सिंह व कुलवीर सिंह की उपस्थिति के दौरान किसान यूनियन एकता (उग्राहां) द्वारा महिला इकाई का गठन किया गया। जिसमें मनजीत कौर प्रधान, गुरमीत कौर उपप्रधान, बलविन्द्र कौर सचिव, डा. हरमनप्रीत कौर महासचिव, होशियार कौर कोषाध्यक्ष सहित बलविन्द्र कौर, जिंदर कौर, हरपाल कौर, दविन्द्र कौर, सतविन्द्र कौर को सदस्य चुना गया। वर्णनीय है कि उक्त गांव में पुरुषों द्वारा पहले ही गठित इकाई किसान आंदोलन में अपना बड़ा योगदान डाल रही है। नवनियुक्त प्रधान मनजीत कौर ने कहा कि किसान आंदोलन जीतना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर भजन सिंह, जगतार सिंह, प्रदीप सिंह, चमकौर सिंह, गुरबिन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह, जसप्रीत सिंह आदि उपस्थित थे।


सियाड़ में भाकियू एकता उग्राहां की महिला इकाई का गठन करते हुए।

# दुकान के ताले तोड़ कर हज़ारों की नकदी व सामान चोरी

## अपराधनामा

लुधियाना, 25 जुलाई (परमिन्द्र सिंह आहूजा): स्थानीय मोचपुरा बाज़ार में चोर प्रदूमण सिंह की दुकान के ताले तोड़ कर 10 हज़ार की नकदी, लैपटाप व अन्य सामान चोरी करके फरार हो गए। पुलिस द्वारा इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

**संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग लापता :** स्थानीय न्यू जनकपुरी से संदिग्ध हालातों में नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने इस संबंधी न्यू जनकपुरी वासी सुरिन्द्र सिंह की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के पास लिखवाई प्राथमिक रिपोर्ट में शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी लड़की गत दिवस घर से बाहर गई, परन्तु वापस नहीं आई। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

**चोरी की वारदात :** स्थानीय डाबा के क्षेत्र लोहारां कालोनी में चोर रितेश कुमार के घर इस पीछे उसका मोबाइल व 1500 रुपए की नकदी चोरी करके फरार हो गए। पुलिस द्वारा इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है।

**दहेज का मामला :** पुलिस ने प्रीती गुप्ता वासी मधुवन एन्कलेव की शिकायत पर उसके पति सौरभ गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के पास लिखवाई प्राथमिक रिपोर्ट में शिकायतकर्ता ने उक्त कथित आरोपी पर उसको दहेज की खातिर परेशान करने का आरोप लगाया है।

**अवैध शराब बरामद :** पुलिस ने शिव कपूर वासी प्रेम कालोनी को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से 36 बोतलें अवैध शराब बरामद कीं। पुलिस के अनुसार उक्त कथित आरोपी गत काफी समय से इस धंधे में था और विभिन्न स्थानों पर शराब सप्लाई करता था।

**भुक्की सहित काबू :** पुलिस ने रजिन्द्रपाल सिंह पुत्र हरचंद सिंह वासी गांव सीड़ा को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से 15 किलो भुक्की बरामद की। उक्त कथित आरोपी गांव सीड़ा नज़दीक जा रहा था कि नाके पर पुलिस ने उसको रोक कर जब तलाशी ली तो भुक्की बरामद की गई। पुलिस के अनुसार रजिन्द्रपाल सिंह गत काफी समय से भुक्की की सप्लाई कर रहा था।

## वर्गीकृत विज्ञापन

### बेदखली सूचना

**मैं, सुरेश पांडे पुत्र राधेश्याम पांडे** निवासी 298, गली नं. 5, चरण नगर, टिब्बा रोड, लुधियाना सूचित करता हूं कि मेरा लड़का आकाश कुमार पांडे व उसकी पत्नी बिन्दू देवी मेरे कहने से बाहर हैं। मैं इन्हें अपनी समस्त चल-अचल जायदाद से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन करने वाला खुद ज़िम्मेवार होगा। मेरी या मेरे बाकी परिवार की कोई ज़िम्मेवारी नहीं होगी।______(W/63)

### सर्टीफिकेट गुम

**मैं, किरन कुमार सुमासुन्दर सुपुत्र** त त सुमासुन्दर मेरा बी-टैक (इलैक्ट्रीकल) का सर्टीफिकेट पास वर्ष 2005 जारी जे एन यू कहीं गुम हो गया है, किसी को मिले तो इस नम्बर 09779231080 पर सम्पर्क करें।______(W/35)

### नाम परिवर्तन

**I, Vijay Sawraj S/o Surinder** Pal Singh R/o 305, Sector 20-A, Chandigarh, have changed my name from Vijay Sawraj to Vijay Singh Bhangu.______(W/23)

**I, Arti Devi W/o Sandeep** Singh Pathania Vill. Surajpur Jhikla, Tehsil Indora, Distt. Pathankot have changed my Name from Arti Devi to Arti Pathania.______(W/24)

### पाठकों हेतु आवश्यक सूचना

अजीत ग्रुप आफ पब्लिकेशंज़ इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों की ज़िम्मेदारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

# निज़ामपुर में 'आप' ने की बैठक

मलौद, 25 जुलाई (कुलविन्द्र सिंह निज़ामपुर): गांव निज़ामपुर में 'आप' की बूथ कमेटी के साथ सर्कल इंचार्ज आर.के. शर्मा व ज़िला यूथ महासचिव कर्ण सिहौड़ा ने पार्टी वालंटियरों के साथ बैठक करके पार्टी के राष्ट्रीय कन्वीनर अरविंद केजरीवाल द्वारा चलाए गए बिजली आंदोलन संबंधी घर-घर पहुंच करके अवगत करवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जैसे बिजली बिल दो महीनों का आता है चाहे 600 यूनिट हर वर्ग के लोगों के लिए मुफ्त होगा। इस अवसर पर सेवा सिंह, प्रकाश सिंह, गुरमेल सिंह, हरबंस सिंह, हरदेव सिंह, हरबंस सिंह, मनप्रीत सिंह मनी, गुरप्रीत सिंह कालिया, गुरतेज सिंह फौजी, मनदीप सिंह, सतपाल सिंह, दलजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, नाज़र सिंह, पवनदीप सिंह बिल्ली, परमजीत सिंह जुगनूं, गुरपिन्द्र सिंह बब्बू व अन्य उपस्थित थे।


निज़ामपुर में 'आप' द्वारा की बैठक में एकत्रित गांव वासी। (छाया : कुलविन्द्र सिंह निज़ामपुर)


विभिन्न गांवों में फल बीज गेंदे वितरित करते हुए बागवानी विभाग के अधिकारी।

# बागवानी विभाग द्वारा गांवों में फल बीज वितरित

कोहाड़ा, 25 जुलाई (अ.स.): बागवानी विभाग ज़िला लुधियाना द्वारा फलदार पेड़ों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत गांव भैणी शालू, भैणी दोआबा और साहनेवाल ब्लाक लुधियाना-2 में फल बीज गेंदे (फ्रूट सीड बॉल) नि:शुल्क वितरित की गई। इस अवसर पर डा. जसप्रीत कौर गिल सिद्धू (बागवानी विकास अधिकारी) ने बताया कि डायरैक्टर बागवानी पंजाब शैलेन्द्र कौर के निर्देशों के अनुसार बरसात के मौसम में बीज से तैयार होने वाले फलदार पेड़ों जैसे- जामुन, आंवला, बिल, बेर, लसूड़ा आदि के बीजों की मिट्टी व देसी खाद से तैयार की गई लगभग अढ़ाई लाख बीज गेंदे नि:शुल्क वितरित की जाएगी, जोकि गांवों की पंचायतों, समाज सेवी संस्थाओं और धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से संयुक्त स्थानों, सड़कों के आसपास व अन्य स्थानों पर लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि ज़िला लुधियाना में उप-डायरैक्टर बागवानी डा. जगदेव सिंह के नेतृत्व में 13000 ऐसी फल बीज गेंदे बांटी जाएंगी। इस अवसर पर सुभाष चंद्र, सुखबीर सिंह ग्रेवाल, कमलजीत सिंह, हितेश, परमवीर सिंह शालू भैणी, देसराज व अन्य उपस्थित थे।